7.1.8

हरिभूमि

रोहतक -महेन्द्रगढ़

Date 11 Sep 2021

# गणेश उत्सव एक पवित्र त्योहारः डा. महेश

- रंगोली, नृत्य, भाषण व संगीत कार्यक्रम किए गए आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭महेंद्रगढ़

आरपीएस डिग्री कॉलेज बलाना में भौतिकी विभाग के सौजन्य से गणेश चतुर्थी पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस कार्यक्रम में संस्था के डॉयरेक्टर डा. ओपी यादव मुख्य अतिथि थे। विशिष्ट अतिथि कॉलेज डॉयरेक्टर डा. महेश यादव व रजिस्ट्रार डा. देवेन्द्र यादव रहे। अध्यक्षता प्रिंसिपल डा. देवेन्द्र कादयान व डीन डा. यशपाल शर्मा ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ गणेश व सरस्वती की वंदना तथा दीप प्रज्वलित कर किया। विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर भाग



महेंद्रगढ़। गणेश पूजन करते आरपीएस कालेज के डायरेक्टर डा. महेश यादव।

लिया। आरपीएस डिग्री कॉलेज भौतिकी विभाग की विभागाध्यक्ष अर्चना साहु ने बताया कि कॉलेज में शुक्रवार को गणेशोत्सव पर विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम पर विद्यार्थियों ने दर्शकों का मनोरंजन किया। जिसमें रंगोली, नृत्य, भाषण व संगीत कार्यक्रम आयोजित किए गए। संगीत प्रतियोगिता में प्रियंका प्रथम, नितेश द्वितीय रहा। नृत्य में कार्यक्रम में दीक्षा प्रथम, प्रियंका द्वितीय व पूजा तृतीय स्थान पर रही। इस प्रकार रंगोली में समीक्षा, हिमांशी प्रथम, अमृता व संगीता, नेहा द्वितीय स्थान पर रही।

## ये रहे मौजूद

कार्यक्रम के समापन पर मुख्य अतिथि ने सभी विजेता प्रतिभागियों को पारितोषिक वितरण किया। इस अवसर पर डा. ओपी यादव ने बताया कि भारतीय संस्कृति में भगवान श्री गणेश का स्थान सर्वोपरि है। इस मौके पर डा. महेश यादव, डा. जितेन्द्र कुमार, डा. जितेन्द्र गंगवार, डा. ज्योति यादव, मनजीत सुहाग, सचिन सूरा, सोमवीर गंडास, हरिप्रकाश जोशी, सज्जन शास्त्री, डा. डीआर भारद्वाज, सोनू पहल मौजूद थे।

R.P.S. Degree College Balana (M/Garh) Principal
IQAC R.P.S. Degree College * Balana (M/Garh) *

Ref: RPSDC/WC/2021/

RPS DEGREE COLLEGE
Balana, Satnali Road, Mohindergarh, Haryana 123029
Ph.: 91-1285-241432
Fax: 91-1285-241434
E-mail: info@rpsinstitutions.org
Web : www.rpsdegreecollege.org
Approved by DGHE (Govt. of Haryana) & Affiliated to I.G. University, Meerpur, Rewari

# :- REPORT :-

Women Cell, RPSDC, celebrated **"Teez Festival"** at RPS Degree College, Balana, on 11th August' 2021. To celebrate this occasion, an "*Antakshri competition and Musical Chair*" was organized for the faculty members. The following staff members participated in the said event

Dr. Jitender Kumar, Dept. of Physics

Ms. Nisha, Dept. of Mathematics

Ms. Alka, Dept. of Mathematics

Dr. Anuradha, Dept. of Mathematics

Ms. Monika, Dept. of Mathematics

Ms. Poonam, Dept. of Physics

Ms. Gajal, Dept. of Chemistry

Ms. Neeru, Dept. of Commerce

Mr. Anil, Dept. of Geography

Ms. Seema, B.Tech

Ms. Versha, B.Tech

Ms. Geetanjali, B.Tech

Ms. Priya, Dept. of Physics

Ms. Suman, DPE

Dr. Garima Tomar
(Convener, Women Cell)

11.08.21
Dr. Dayendep Singh
(Principal)

Dr. Yashpal Sharma
(Dean Academics)

R.P.S. Degree College, Balana (M/Garh) IQAC

11-08-2021
Dr. Mahesh K Yadav
(Director)

# Rao Pahlad Singh Group of Institutions

Balana, Mohindergarh

RPSGOI/2021/493

11th August 2021

**Invitation**

The Women Cell, RPS Degree college requests benign presence of all the faculty and staff members at 10:00 a.m. on 11th August 2021 on the occasion of Haryali Teej.

Dr. Garima Tomar
Incharge- Women Cell, RPSDC

Dr. Mahesh K. Yadav
Director

Director

**Copy to :-**

1. Principal, RPSDC
2. Vice-Principal, RPSCET
3. Registrar
4. Dean Academic Affairs
5. All HODs (with a request to circulate amongst all faculty / staff members)

R.P.S. Degree College IQAC Balana (M/Garh)

R.P.S. Degree College Principal Balana (M/Garh)

हरिभूमि

रोहतक -महेन्द्रगढ़

Date 18 Aug 2021

# खेलो हरियाणा टीम के चयन का ट्रायल संपन्न

- आरपीएस में हुए एथलेटिक्स, फुटबॉल, बास्केटबॉल व बैडमिंटन में जिला स्तरीय ट्रायल
- चयनित टीमें 26 व 27 अगस्त को राज्य स्तरीय खेलों में लेंगी भाग



महेंद्रगढ़। दौड़ लगाते हुए खिलाड़ी। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़


खेलों इंडिया यूथ गेम की तर्ज पर 26 व 27 अगस्त को आयोजित किए जाने वाले राज्य स्तरीय खेलों के लिए जिला स्तरीय ट्रायल के अंतिम दिन आरपीएस कॉलेज बलाना में लड़कियों की एथलेटिक्स व फुटबॉल गेम में ट्रायल आयोजित किए गए। इस दौरान एथलैटिक्स की सभी स्पधाअरं में ट्रायल किए जाने के साथ-साथ फुटबॉल की लड़कियों की टीम का चयन भी ट्रायल बेस पर किया गया। खेल एवं युवा कार्यक्रम विभाग हरियाणा द्वारा राज्य स्तरीय खेलों हरियाणा का आयोजन किया जा रहा है। खेलों में भाग लेने वाले खिलाड़ियों के चयन को लेकर आरपीएस कॉलेज बलाना में दो दिवसीय लड़के एवं लड़कियों की एथले[illegible]स एवं फुटबॉल प्रतियोगिता करवाई गई। इस अवसर पर आरपीएस ग्रुप के फाउंडर डायरेक्टर डा. ओपी यादव ने कहा कि खेलों में सभी उत्कृष्ट संसाधन आरपीएस कॉलेज बलाना की ओर से उपलब्ध करवाने में कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी। हम खेल विभाग के साथ मिलकर राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय प्रतिभाओं को उभारने में कोई कमी नहीं छोड़ेंगे। मंगलवार को आरपीएस कॉलेज बलाना में लड़कियों की 100 मीटर, 200, 400, 800, 1500 व 3 हजार मीटर में दौड़ करवाई गई। वहीं शॉटपुट, डिसकस थ्रो, जैवलिंग थ्रो, हाईजम्प व लॉंग जंप में ट्रायल हुए।

## ये रहे मौजूद

मौके पर कॉलेज के डायरेक्टर डा. महेश यादव, रजिस्ट्रार डा. देवेंद्र यादव, डीन राजेंद्र यादव, डिग्री कॉलेज प्राचार्य डा. देवेंद्र कादियान, प्रशासनिक अधिकारी डा. धर्मेश कौशिक, प्रशिक्षक अखिलेश तंवर, राजकुमार कनीनवाल, प्रदीप यादव, नरेश, एथलेटिक्स प्रशिक्षक अमिता, प्रदीप, संदीप, सूरत, अशोक आदि उपस्थित रहे।

हरिभूमि

रोहतक -महेन्द्रगढ़
Date 25 July 2021



महेंद्रगढ़। खिलाड़ियों के लिए प्रार्थना करते हुए आरपीएस कालेज के विद्यार्थी व स्टाफ। फोटो: हरिभूमि

# टोक्यो ओलंपिक खिलाड़ियों को दी शुभकामनाएं

- आरपीएस कॉलेज के शिक्षकों व छात्रों ने किया ध्वजारोहण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

ऑलंपिक टोक्यों खेल 2021 में भाग लेने वाले भारत से प्रतिभागियों के लिए आरपीएस कॉलेज में शुभकामना संदेश दिया गया। आरपीएस ग्रुप के प्रांगण में कॉलेज के डॉयरेक्टर डा. महेश कुमार यादव, रजिस्ट्रार डॉ. देवेंद्र यादव, प्राचार्य डॉ. देवेंद्र कादयान, उप-प्राचार्य डा. जेके गोठवाल, डीन प्रो. राजेंद्र यादव व सभी स्टाफ सदस्य तथा विद्यार्थियों ने मिलकर ध्वजारोहण किया। डॉ. महेश कुमार यादव ने बताया कि ऑलंपिक खेलों में भारत के प्रतिभागी अपनी मजबूत स्थिति में है तथा हम सभी मिलकर यह कामना करते है कि भारत ज्यादा से ज्यादा मेडल इन ओलंपिक खेलों में लाए। उन्होंने पूरे आरपीएस परिवार की तरफ से एक शुभकामना संदेश सभी विद्यार्थियों को पढ़कर सुनाया तथा सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दी। इसी कड़ी में आरपीएस कॉलेज के रजिस्ट्रार डा. देवेंद्र सिंह यादव ने बताया कि ग्रामीण आंचल में प्रतिभाओं की कमी नहीं है। बस उन्हें अपने हुनर को तरासने की जरुरत है। आज ग्रामीण आंचल से भी हमारे खिलाड़ी ओलंपिक में विभिन्न खेलों में भाग ले रहे हैं। उन्होंने बताया कि महेंद्रगढ़ जिले के सुरहेती गांव से संदीप पूनिया इस ओलंपिक में पैदल चाल में भाग ले रहे है, जिनसे हम स्वर्ण पदक की उम्मीद करते है। इस कार्यक्रम का संचालन डा. राजपाल जांगिड़ ने किया। इस मौके पर सभी विभागों के विभागाध्यक्ष, सभी डीपीई तथा समस्त स्टॉफ सदस्य उपस्थित रहे तथा सभी ने भारतीय टीम के लिए शुभकामना संदेश लिखा।

R.P.S. Degree College IQAC Balana (M/Garh)

Principal R.P.S. Degree College

दैनिक भास्कर
महेंद्रगढ़ भास्कर 25-06-2021

# आरपीएस डिग्री कॉलेज में ऑनलाइन हिन्दी निबंध प्रतियोगिता में कविता व पारूल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया

भास्कर न्यूज | महेंद्रगढ़

आरपीएस डिग्री कॉलेज बलाना में ऑनलाइन हिन्दी निबंध प्रतियोगिता हुई। कार्यक्रम की मुख्यातिथि संस्था की चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव रही। प्रतियोगिता से पूर्व कॉलेज डायरेक्टर डॉ. महेश यादव, रजिस्ट्रार डॉ. देवेन्द्र यादव, प्रिंसिपल डॉ. देवेन्द्र कादयान व डीन डॉ. यशपाल शर्मा ने विद्यार्थियों को संबोधित किया। कला संकाय प्रभारी डॉ. राजेश डागर ने बताया कोरोना महामारी में विद्यार्थियों के चहुंमुखी विकास के लिए शिक्षा के साथ-साथ समय-समय पर विद्यार्थियों की विभिन्न सांस्कृतिक गतिविधियां करवाई गई, जिसके अंतर्गत बीते दिवस विद्यार्थियों में हिन्दी निबंध लेखन प्रतियोगिता करवाई गई। जिसमें कविता चतुर्थ सत्र से व पारूल छठे सत्र से प्रथम स्थान हासिल किया। द्वितीय स्थान पर तनु कटारिया रही तृतीय स्थान पर समित रही सांत्वना पुरस्कार के लिए उषा कुमारी द्वितीय सत्र से रही। संस्था चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव सभी प्रतिभागियों को बधाई दी। कॉलेज डायरेक्टर डॉ. महेश यादव ने अपने संबोधन में कोरोना महामारी की समस्या व समाधान पर विचार रखे।

7.1.8


# RAO PAHLAD SINGH DEGREE COLLEGE

(Approved by DGHE / Govt. of Haryana & Affiliated to Indira Gandhi University, Meerpur)

Satnali Road Balana, Mohindergarh Haryana-123029

Telephone: 01285-241432 Fax: 241431

E-mail: rpsbalana@gmail.com, Website: www.rpsdegreecollege.org


Date: 14-01-2021

## REPORT ON LOHRI FEST

Lohri fest was organized by college on 13-01-2021 at 02:30 pm in the lawn adjacent to canteen. Er. Manish Rao, CEO of RPS Education Society was the Chief Guest in the said programme. Almost all the students and staff members of the college participated in the event. The event was started with speech by the Chief Guest followed by words of encouragement from the Director. Honorable CEO and Director conveyed their best wishes on this festival of warmth and happiness.

14/01/21

Dr. Yashpal Sharma

Dean Academic Affairs





R.P.S. Degree College IQAC Balana (M/Garh)

R.P.S. Degree College Principal Balana (M/Garh)

# RAO PAHLAD SINGH DEGREE COLLEGE

(Approved by DGHE / Govt. of Haryana & Affiliated to Indira Gandhi University, Meerpur)

Satnali Road Balana, Mohindergarh Haryana-123029

Telephone: 01285-241432 Fax: 241431

E-mail: rpsbalana@gmail.com, Website: www.rpsdegreecollege.org


**Date: 08-01-2021**

## NOTICE

College is going to organize Lohri Fest on 13-01-2021 at 02:30 pm in the lawn adjacent to canteen. So all the students, teaching and non-teaching staff members of college are hereby informed to assemble at the venue on the date mentioned above.

(Dr. Davender Singh)

Principal

Principal R.P.S. Degree College Balana (M/Garh)

R.P.S. Degree College Principal Balana (M/Garh)

# आरपीएस बलाना में रंगारंग आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महेंद्रगढ़

आरपीएस डिग्री कॉलेज बलाना में विभिन्न संकायों के सौजन्य से दीपावली के पर्व पर कला संकाय, वाणिज्य व विज्ञान संकाय के सभी विभागों द्वारा मिनी युवा महोत्सव के रूप में मनाया गया। सभी विभागों के कार्यक्रमों का शुभारंभ आरपीएस कॉलेज के फाउंडर डायरेक्टर डा. ओपी यादव के कर कमलों से हुआ। कार्यक्रम लक्ष्मी, गणेश व सरस्वती की पूजा के साथ बड़ी धूमधाम से शुरू हुआ। कार्यक्रम में कालेज डायरेक्टर डॉ. महेश यादव, रजिस्ट्रार डा. देवेंद्र यादव, प्रिंसिपल डा. देवेंद्र कादयान, डीन डा. यशपाल शर्मा व विभिन्न विभागों के प्रभारियों सहित शिक्षक व विद्यार्थी उपस्थित रहे। युवाओं ने कार्यक्रम का लुत्फ उठाया। कॉलेज के प्राचार्य डा. देवेंद्र कादयान ने बताया कि आरपीएस कॉलेज में शिक्षा के साथ-साथ विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम करवाये जाते रहते हैं, जिसमें नृत्य में सोलो डांस, ग्रुप डांस, मिमीक्री, संगीत, रंगोली के माध्यम से लक्ष्मी व सरस्वती के द्वारा पर्यावरण संरक्षण व जल संरक्षण पर विभिन्न प्रकार की रंगोली का आयोजन किए गए। इस कार्यक्रम में सभी विभागों से लगभग 250-300 विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस कार्यक्रम की प्रतियोगिता में भाग लेने वाले विद्यार्थियों को प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान से पारितोषित किया गया। मुख्य अतिथि कॉलेज फाउंडर डायरेक्टर डा. ओपी यादव ने बताया कि युवा देश के भविष्य होते हैं।



डायरेक्टर डा. महेश यादव ने बताया कि मां लक्ष्मी की पूजा से पर्यावरण व विचारों की शुद्धता होती है।

R.P.S. Degree College Principal Balana (M/Garh)

R.P.S. Degree College IQAC Balana (M/Garh)

# सीएए से नहीं पड़ेगा देश की जनता पर कोई नकारात्मक प्रभाव

**भास्कर न्यूज़** | महेन्द्रगढ़



आरपीएस डिग्री कॉलेज बलाना में कला संकाय विभाग के सौजन्य से एक कार्यक्रम के तहत हाल ही में संसद में पारित नागरिकता संशोधन अधिनियम पर शिक्षकों व विद्यार्थियों ने अपने वक्तव्य प्रस्तुत किये। कार्यक्रम के संयोजक डॉ. अरूण कुमार ने बताया कि वर्तमान सरकार द्वारा हाल ही में पारित नागरिकता संशोधन अधिनियम पर लोगों में फैले हुए भ्रम को दूर करने के लिए विद्यार्थियों ने अपने सकारात्मक विचार प्रस्तुत किए।

उन्होंने बताया कि देश में नागरिकता संशोधन अधिनियम काफी वर्षों से देश में रहे लोगों को नागरिकता देने के संबंध में बनाया गया है। इस कानून से देश की जनता पर कोई भी नकारात्मक प्रभाव नहीं पड़ेगा, बल्कि लोगों में सकारात्मक भावना से एक-दूसरे से जोड़ने का प्रयास किया गया है। इस कार्यक्रम पर शिक्षकों के साथ-साथ विद्यार्थियों ने भी अपने विचार प्रस्तुत किए। जिसमें नियति शर्मा, रविना, मोनिका, पूजा, नीलम, आशी गुप्ता, दिशा, महिमा, रिन्कू, आशु, हैप्पी, अतुल, तमन्ना, दीपिका, प्रियंका, पूनम, राहुल ने अपने-अपने विचार प्रस्तुत करके अधिनियम के बारे में विद्यार्थियों को समझाया। इन सभी विद्यार्थियों ने बताया कि नागरिकता संशोधन अधिनियम कानून को ध्यान में रखते हुए आपसी सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाकर हमें देश हित में सोचना चाहिए।

कॉलेज प्राचार्य डॉ. देवेन्द्र कादयान ने बताया कि नागरिकता संशोधन अधिनियम 2020 को ध्यान से पढ़ने की और इस पर विचार करने की आवश्यकता है। इस अधिनियम से हमें आपसी साम्प्रदायिक सद्भावना को ठेस नहीं पहुंचानी चाहिए, बल्कि आपसी सद्भाव व भाईचारा बनाना चाहिए। सरकार द्वारा कोई भी कानून देश हित में होता है। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ. अरूण कुमार, भूपेन्द्र कुमार, हरिप्रकाश जोशी, सज्जन शास्त्री, अनिल कुमार, हेमन्त कुमार, राजपाल व अन्य शिक्षकों तथा विद्यार्थियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

R.P.S. Degree College Balana (M/Garh)

R.P.S. Degree College Principal Balana (M/Garh)